आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

कुल पृष्ठ 18 राजस्थान मूल्य ₹ 5.00

dainikbhaskar.com झुंझुनूं, गुरुवार, 11 जनवरी, 2024 पौष कृष्ण पक्ष-अमावस्या, 2080 12 राज्य | 61 संस्करण

शेखावाटी भास्कर

झुंझुनूं, गुरुवार, 11 जनवरी, 2024 झुंझुनूं - चिड़ावा - पिलानी सुहागीड़ी - बुहाना - सूरजगढ़ dainikbhaskar.com

जयपुर में सीएसआईआर अनुसंधान केंद्र की स्थापना के लिए सीएम को ज्ञापन

मुख्यमंत्री शर्मा से मिले सीरी के निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया

भास्कर न्यूज | पिलानी

सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया के नेतृत्व में संस्थान के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री आवास पर भेंट की।

विज्ञान भारती राजस्थान के सौजन्य से हुई मुलाकात में प्रतिनिधिमंडल ने जयपुर में सीएसआईआर अनुसंधान केंद्र की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर सीएम ने कहा कि सरकार ने प्रदेश को विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए प्रयास आरंभ कर दिए हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की मदद से इस दिशा में प्रयासरत हैं। इसके लिए पिलानी स्थित सीएसआईआर की राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान (सीएसआईआर-सीरी) संस्थान भी सहयोग करे। उन्होंने इस दिशा में सुझाव मांगे।

पिलानी. मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते सीरी निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया।

सीरी निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने जयपुर में सीएसआईआर संसाधन केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव रखा। उन्होंने बताया कि सीएसआईआर अपनी 37 प्रयोगशालाओं के विशाल नेटवर्क के साथ राज्य के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जयपुर में संसाधन केंद्र की स्थापना से राज्य के समग्र विकास को प्रभावित करते हुए प्रदेश को लाभान्वित करेगी। बैठक में उपस्थित अन्य संस्थानों के प्रतिनिधियों ने डॉ. पंचारिया के प्रस्ताव का समर्थन किया।

बैठक में भारतीय मौसम विभाग के पूर्व महानिदेशक डॉ. लक्ष्मण सिंह राठौड़, एमएनआईटी जयपुर के निदेशक प्रोफेसर एनपी पाढ़ी, एसकेएन कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बलराज सिंह, सीरी जयपुर केंद्र के प्रभारी वैज्ञानिक साईं कृष्णा, डॉ. विजय चटर्जी उपस्थित थे। बैठक का संयोजन विज्ञान भारती-राजस्थान के सचिव डॉ. मेघेन्द्र शर्मा ने किया।